Title: Need to review the decision to provide identity cards to the opium growers particularly in Madhya Pradesh.

डॉ.लक्ष्मीनारा्यण पाण्डे्य (मंद्सौर) : ्सभापति महोद्य, ्वर्तमान में अफीम उत्पादक क्षेत्र जिनमें मध्य प्रदे्श के रतलाम, मंद्सौर, नीमच, ्शाजापुर, उज्जैन तथा राज्स्थान के झाला्वाड़, निम्बाहे्ड़ा, प्रतापगढ़, ्बड़ी्साद्ड़ी, चित्तौ्ड़गढ़ आदि क्षेत्र में चालू ्सत्र के दौरान अफीम उत्पादक कि्सानो के लि्ये फोटो पहचान पत्र देने की न्यी व्य्व्स्था नारकोटिक्स वि्भाग द्वारा की गई है। इसके पू्र्व ्यह व्य्व्स्था क्भी नहीं रही। इ्स न्यी व्य्व्स्था के लागू होने ्से कि्सानों मे ्भंयकर अ्संतो्ा व्याप्त है क्योंकि कि्सानों को मुख्याल्य ्या केन्द्र पर ्बुला्या जा रहा है। ऐ्सा होने ्से ्वृद्ध, अ्शक्त तथा वि्धवा महिला्यें जो नि्यमानु्सार अफीम लाइ्सें्सधारी हैं अथ्वा जिन्हें पात्रता है उनको काफी अ्सुवि्धा हो रही है। इसके लि्ये कि्सानों ्से 125 रुप्ये ्व्सूले जा रहे हैं जो कि लागत ्से ्बहुत अधिक है। मेरी जानकारी में आ्या है कि इ्स प्रकार के फोटो पर ्सम्स्त व्य्य ्सहित 10 रुप्ये ्से अधिक उ्सकी लागत नहीं होती है। मुझे ्यह ्भी ज्ञात हुआ है कि वि्भाग द्वारा ्यह का्र्य ्बड़े ठेकेदारों द्वारा करा्या जा रहा है।

मेरा केन्द्र ्सरकार ्से अनुरोध है कि इ्स प्रकार का फोटो पहचान पत्र दि्या जाना ्यदि आ्व्श्यक है तो वि्भाग को ्स्व्यं इसके व्य्य की व्य्व्स्था करनी चाहि्ये अथ्वा वि्भाग इ्स ्योजना को लागू करने पर पुनर्विचार करे।